# बार्षिक प्रतिबेदन

# 2022-23

# राजकीय महाविद्यालय

# नगरोटा बगवां

जिला कॉंगड़ा , हिमाचल प्रदेश -176047

('NAAC' ACCREDITED 'B' GRADE)


प्रस्तुति :

डॉ. अशोक कुमार चौधरी

प्राचार्य

# महाविद्यालय का परिचय

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ अपनी प्राकृतिक छटा लिए धौलाधार की पहाड़ियों के सामने स्थित है। चंगर क्षेत्र के समीप महाविद्यालय खुलने के परिणामस्वरुप निकटवर्ती गाँवों के सैंकड़ों विद्यार्थी विद्या का लाभ लेकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। नगरोटा बगवाँ महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों की शैक्षणिक, बौद्धिक व सांस्कृतिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ को शुरू करने की घोषणा हिमाचल प्रदेश सरकार ने जून 2006 में की और जुलाई 2006 को महाविद्यालय पूर्ण रुप से अस्तित्व में आया। यह हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय में कॉमर्स, अंग्रेज़ी तथा गणित विषय में स्नातकोत्तर कक्षाएँ चल रही हैं और इस सत्र में बीबीए और बीसीए की कक्षाएँ शुरु हो गई हैं। वास्तव में इस महाविद्यालय ने अपने स्थापना काल से अब तक धीरे–धीरे निरन्तर विकास किया है और हमें आशा व विश्वास है कि महाविद्यालय भविष्य में भी प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेगा।

सर्वप्रथम इस महाविद्यालय के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि सत्र 2019–20 में इसे NAAC बेंगलुरू के मानकों के अनुसार मूलभूत संसाधनों को सुदृढ़ कर 'बी' ग्रेड से मान्यता प्राप्त हुई है जो कि इस महाविद्यालय के इतिहास में सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस मान्यता के अनुसार अब महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से आगामी पाँच वर्षो में दो करोड़ रुपए की राशि प्राप्त करने का पात्र बन गया है, जिससे महाविद्यालय की मूलभूत अधोसंरचना तथा शिक्षा की गुणवत्ता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। हर्ष का विषय यह है कि इस महाविद्यालय को 2021–22 सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से स्थायी संबंधन तथा उत्कृष्ट महाविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ है।

## विद्यार्थी संख्या का विवरण

सत्र 2022–23 में इस महाविद्यालय में छात्र संख्या 2423 है, जिसमें 736 लड़के और 1686 लड़कियाँ हैं। जिनमें 230 अनुसूचित जाति वर्ग, 165 अनुसूचित जनजाति, 1659 अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 358 सामान्य वर्ग से सम्बन्धित हैं। यह हर्ष का विषय है कि इस महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों की संख्या से अधिक है।

## महाविद्यालय प्राध्यापकों व कर्मचारियों का विवरण

### प्राध्यापक वर्ग

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में प्राचार्य सहित प्राध्यापकों के 28 पद सृजित हैं। जिसमें 2 पद रिक्त हैं। जिनमें वनस्पति विज्ञान में तथा समाजशास्त्र में एक–एक पद रिक्त है।

### गैर शिक्षक वर्ग

गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग में कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–I सहित कुल 31 पद स्वीकृत हैं। जिनमें से 14 पद इस समय रिक्त हैं जिनका विवरण इस प्रकार है :–

लाइब्रेरी अटेंडेंट : 01 पद रिक्त

कनिष्ठ कार्यालय सहायक : 03 पद रिक्त

कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक : 02 पद रिक्त

वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक : 01 पद रिक्त

वरिष्ठ सहायक : 01 पद रिक्त

रीस्टोरेर : 01 पद रिक्त

तबला वादक : 01 पद रिक्त

स्टोर कीपर : 01 पद रिक्त

## खेलकूद गतिविधियाँ *2022–23*

शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियाँ विशेष स्थान रखती हैं। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोफेसर ऋषि दिलवारिया प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा के निर्देशन में छात्र–छात्राओं ने मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, कबड्डी, बैडमिंटन तथा क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ ने वर्ष 2022 में अंतरमहाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक करवाया, इसमें पूरे प्रदेश के .........महाविद्यालयों के ......... खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ का प्रदर्शन भी बेहतरीन रहा तथा इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

1) अभिनव कटोच, बी.ए. प्रथम वर्ष (22PED045) ने अंतरमहाविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया तथा ऑल इंडिया बाक्सिंग इंटर यूनिवर्सिटी के लिए चयन हुआ है, तथा वर्तमान में यह छात्र खेल–कोटे के तहत भारतीय थल सेना में चयनित हुए हैं।

2) अंशुल सरोहा, बी.ए. तृतीय वर्ष (20PD006) ने अंतरमहाविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है, तथा इनका चयन ऑल इंडिया बाक्सिंग इंटर यूनिवर्सिटी के लिए हुआ है।

3) सचिन शर्मा, बी.ए. प्रथम वर्ष (22PED044) ने अंतरमहाविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता में काँस्य पदक हासिल किया है।

4) अभिषेक शर्मा, बी.ए. तृतीय वर्ष (20PD005) ने अंतरमहाविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता में काँस्य पदक हासिल किया है।

5) करण, बी.ए. प्रथम वर्ष ( ) ने अंतरमहाविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता में काँस्य पदक हासिल किया है।

6) सिया राणा, बी.ए. तृतीय वर्ष (20PS028) ने अंतरमहाविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है।

7) कोमल, बी.ए. द्वितीय वर्ष ( ) ने अंतरमहाविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है।

8) अनिरूद्ध शर्मा, M.A. English 1st Sem. (22 MAENG025) ने अंतरमहाविद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया तथा इनका चयन ऑल इंडिया भारोत्तोलन इंटर यूनिवर्सिटी के लिए हुआ है।

9) हर्ष मरोरिया, बी.ए. प्रथम वर्ष (22SOC064) ने जूनियर राज्य भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा सीनियर राज्य भारोत्तोलन प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है।

10) आकाश पठानिया, बी.ए. प्रथम वर्ष (22SOC150) ने जूनियर राज्य भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

11) नितिन, बी.ए. प्रथम वर्ष (22SOC010), महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

12) काजल, बी.कॉम, तृतीय वर्ष (20CM 044) महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई।

## गृह परीक्षा

महाविद्यालय में सत्र 2022–23 में डॉ. मदन गुलेरिया के समन्वय में आयोजित गृह परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति 95 प्रतिशत रही। जो विद्यार्थी किसी कारणवश उक्त परीक्षा नहीं दे पाए उन्हें पुनः एक विशेष अवसर प्रदान किया गया ताकि वार्षिक परीक्षा में बैठने की उनकी पात्रता सुनिश्चित की जा सके। समग्र मूल्यांकन हेतू मौखिकी परीक्षा एवं प्रदत्त कार्य सभी विभागों द्वारा सम्पन्न करवाए गए।

## हिन्दी दिवस *(14 सितम्बर 2022)*

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत हिन्दी–विभाग द्वारा नारा लेखन, चित्रकला, सुलेख, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताएँ करवाईं गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य अशोक चौधरी ने हिन्दी भाषा के महत्त्व को उजागर करते हुए वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा की बढ़ती प्रसिद्धि से सबको अवगत करवाया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो0 निधि शर्मा ने हिन्दी साहित्य के इतिहास की जानकारी दी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिन (12 सितम्बर) सुलेख एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, कार्यक्रम के दूसरे दिन (13 सितम्बर) नारा लेखन/ सुविचार तथा चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम के तीसरे दिन 14 सितम्बर को भाषण प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता करवाई गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम में लगभग 59 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन *(13.08.2022)*

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर प्रो0 निधि शर्मा (हिन्दी विभाग) द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें लगभग सोलह विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से देश प्रेम, राष्ट्रीय एकता, देश भक्तों व शहीदों के प्रति सम्मान का भाव जगाने का प्रयास किया।

## अभिभावक अध्यापक संघ (पी.टी.ए.)

महाविद्यालय में शिक्षा में गुणवत्ता प्रदान करने एवं छात्र कल्याण के लिए अभिभावक अध्यापक संघ महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। वर्ष 2022–23 के लिये नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके लिए आम सभा आयोजित करके निम्न कार्यकारिणी का चयन किया गया।

मुख्य संरक्षक : डॉ. अशोक चौधरी (प्राचार्य)

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान | : | श्रीमति रीता शर्मा |
| वरिष्ठ उप–प्रधान | : | श्री नवनीत कुमार |
| उप–प्रधान | : | श्रीमति मधु |
| सचिव | : | डॉ. राजीव कुमार |
| सह सचिव | : | श्री संजीव धीमान |
| सदस्यगण | : | डॉ. मनजीत सिंह |
| | | डॉ. मनीश शर्मा |
| | | डॉ. कुन्दन शर्मा |
| | | डॉ. निपुनिका राणा |
| | | प्रो. सुनीता देवी |
| | | श्री दीप राज |

महाविद्यालय में सत्र 2022–23 में अभिभावक अध्यापक संघ की कोष निधि में कुल 969200 रुपये एकत्रित किये गये जिसमें से कुल 634976 रुपये छात्रोपयोगी गतिविधियों के उपर खर्च किए गये। 02 मार्च 2023 तक अभिभावक अध्यापक संघ कोष निधि में कुल शेष 549044 रुपये खाते में जमा हैं।

## शिकायत निवारण समिति

सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण समिति कार्यरत है जिसकी समन्वयक प्रो. राधिका शर्मा हैं। समिति की सतर्कता से सत्र 2022–23 के दौरान कोई भी महिला सम्बन्धी मामला संज्ञान में नहीं आया है।

## सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है जिसके सहायक, जनसूचना अधिकारी, महाविद्यालय के अधीक्षक–II श्री गुरुदेव हैं। सत्र 2022–23 के दौरान सूचना के अधिकार के अंतर्गत कोई भी मामला नहीं आया है।

## भाषाई समाज

प्रो. सपना बक्शी, डॉ. निधि शर्मा, प्रो. स्वर्णलता के दिशा–निर्देश में विद्यार्थियों को अपना साहित्यिक कौशल एवं व्यक्तित्व निखारने का अवसर मिल रहा है। इस सत्र में विभिन्न गतिविधियों भाषण–प्रतियोगिता, निबन्ध–लेखन, काव्य–पाठ, वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। 26 नवम्बर 2022 को अंग्रेज़ी विभाग ने बरतनी विवाद प्रतियोगिता आयोजित की तथा इसमें महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सहभागिता प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता में निम्न विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय चुना गया :

सोनल बी.कॉम (2) प्रथम

साक्षी बी.कॉम (2) द्वितीय

प्रीति बी.कॉम (2) तृतीय

## रैगिंग निरोधी समिति

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाने के लिए रैगिंग विरोधी समिति गठित की गई है जिसके संयोजक प्रो. राजेश कुमार हैं। समिति की सतर्कता से सत्र 2022–23 के दौरान कोई भी रैगिंग सम्बन्धी मामला संज्ञान में नहीं आया है।

## रेड रिबन क्लब

महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब ने गत वर्ष में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने, क्षय रोग, रक्तदान एवं नेत्र दान के प्रति जागृति बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों, पुलिस विभाग के अधिकारियों तथा गुंजन फाउंडेशन के सहयोग से अनेक जागरुकता कार्यक्रम करवाये। महाविद्यालय की छात्राओं में एनीमिया की जांच करने के लिए एक दिव्य शिविर का आयोजन किया गया। क्लब ने विश्व एड्स दिवस पर एड्स के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिये कार्यक्रम आयोजित किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, स्वच्छता अभियान तथा अन्य गतिविधियां भी क्लब द्वारा करवाई गईं।

## कामर्स सोसाइटी

छात्र–छात्राओं के बौद्धिक क्षमताओं का विकास करने एवं सर्वांगीण विकास करने हेतू कामर्स सोसाइटी का गठन किया गया है। वाणिज्य छात्र–छात्राओं द्वारा कामर्स सोसाईटी का सुचारु रुप से संचालन किया जाता है। कामर्स सोसाईटी के सौजन्य से वर्ष 2022–23 में कई प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की गई। कामर्स सोसाईटी द्वारा लेखांकन, शेयर–बाजार, वित्तिय प्रबन्धन, विपणन विषयों के ऊपर सेमीनार आयोजित करवाये गये ताकि इन विषयों पर छात्र–छात्रायें माहिरता हासिल करके रोजगार आसानी से प्राप्त कर सकें। विभिन्न–विभिन्न विषयों के ऊपर आयोजित सेमीनारों के मुख्य वक्ताओं में से श्री अमित विशिष्ट, प्रो. राज कुमार, डीन डॉ. समीर वर्मा, इत्यादि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। शैक्षणिक सत्र 2022–23 में कामर्स सोसाईटी की कार्यकारिणी का ब्यौरा निम्नलिखित है।

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान | रोहित | एम.कॉम तृतीय सत्र |
| वरिष्ठ उप प्रधान | खुशबू | एम.कॉम तृतीय सत्र |
| उप प्रधान | नैया चित्रा | बी.कॉम तृतीय वर्ष |
| सचिव | रुचि | उपरोक्त |
| वित्त सचिव | अनीशा | एम.कॉम तृतीय सत्र |
| सदस्यगण : | डॉ. मदन गुलेरिया | |
| | डॉ. मंजीत सिंह | |
| | डॉ. राजीव कुमार | |

## रोवर रेंजर इकाई

महाविद्यालय में रोवर रेंजर इकाई का गठन सामाजिक कार्यों के प्रति वफादार रहने के उद्देश्य से किया गया है। वर्तमान में इस इकाई में 24 रोवर एवं 24 रेंजर हैं जो कि भारत स्काऊट एंड गाईड हि.प्र. शिमला के साथ पंजीकृत है। शैक्षणिक वर्ष 2022–23 में रोवर रेंजर इकाई के आठ रोवर–रेंजर ने रिवालसर स्थित प्रशिक्षण संस्थान

से निपुण की परीक्षा पास की। महाविद्यालय के चार रोवर–रेंजर ने अन्तर्राष्ट्रीय जैम्बूरी संस्कृति कार्यक्रम कर्नाटका में भाग लिया। इन बच्चों को स्थानीय प्रशासन ने सम्मानित किया। रोवर–रेंजर इकाई डॉ. राजीव कुमार एवं प्रो. स्वर्णलता शर्मा द्वारा नियंत्रित की जा रही है। वर्ष 2022–23 में इकाई द्वारा सफाई अभियान, नशा–विरोधी अभियान, स्वास्थ्य अभियान, समेत कई गतिविधियों में भाग लिया।

## सड़क सुरक्षा क्लब

महाविद्यालय में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया। जिसमें डॉ. राजीव कुमार को नोडल आफिसर चुना गया। सड़क सुरक्षा क्लब में रोवर–रेंजर, एन.एस.एस. एवं अन्य संगठनों के सदस्यों के अलावा पुलिस प्रशासन को शामिल किया गया। महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक करवाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस के सौजन्य से जागरुकता अभियान एवं रैलियां आयोजित की गईं। महाविद्यालय परिसर में यातायात नियमों से सम्बन्धित बोर्ड स्थापित किये गये हैं। हर वर्ष बच्चों को यातायात के नियमों की पालना करने हेतू शपथ दिलाई जाती है। सत्र 2022–23 में सड़क सुरक्षा विषय पर प्रतियोगितायें करवाई गईं। जिसमें मुख्य रुप से कला, भाषण, लेखन, चित्रकला, नाटक इत्यादि मुख्य रहे।

## एन.एस.एस. यूनिट N.S.S. Unit

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में National Service Scheme इकाई का कार्यभार प्रो. मिनोद गुलेरिया के पास है। इस इकाई में 100 छात्र–छात्राओं की उपस्थिति पंजीकृत है। सत्र 2022–23 में N.S.S. इकाई के द्वारा महाविद्यालय में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गयी।

(क) दिनांक 24.09.22 को N.S.S. सत्र की

(ख) दिनांक 03.10.22 को ग्राम पंचायत Dhaloon द्वारा आयोजित मतदाता जागरुक प्रतियोगिता में, रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार एवं Declamation में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

(ग) दिनांक 19.10.22 को स्वच्छ भारत अभियान (2.0) के अंतर्गत गाँव कीर चम्बा में स्वच्छता का कार्य किया गया।

(घ) दिनांक 29.10.22 को महाविद्यालय के सौंदर्य एवं स्वच्छता से सम्बन्धित कार्य किया गया।

(ङ) दिनांक 31.10.22 को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया।

(च) 27 जनवरी 2023 से 02 फरवरी 2023 तक सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के सौंदर्य और स्वच्छता से सम्बन्धित कार्य किए गए।

## महाविद्यालय में किए गए विकासात्मक कार्य

उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ को एक करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं जिसका प्रयोग विभिन्न–विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए किया गया है। इन में से लगभग 22 लाख रुपये मंच उन्नयन व रंगाई पुताई के लिए लोक निर्माण विभाग में जमा करवा दिया गया है। साथ ही हिम सौर ऊर्जा विभाग से बिजली की बाधा रहित आपूर्ति के लिए 25 के.वी. सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए

भी लगभग 12 लाख की धनराशि जमा करवा दी गई है। बास्केटबॉल मैदान व बॉलीबाल मैदान के लिए लगभग 16 लाख की धनराशि जमा करवा दी है। महाविद्यालय स्तर पर परिसर के सौन्दर्यकरण हेतू लगभग 150 पौधे लगाए गए हैं। शिक्षण संसाधन केन्द्र तथा आनलॉइन परीक्षा केन्द्र स्थापित करने एवं अनुसन्धान कार्य तथा कार्यालय उपयोग के लिए लैपटॉप खरीदने के लिए भी धनराशि जमा करवा दी गई है।

## बी.बी.ए.

सत्र 2022–23 में 60 नये विद्यार्थी 1st Semester में दाखिल हुए जिनमें 16 छात्राएँ 44 छात्र हैं। कुल मिलाकर BBA 2nd और 4th सेमेस्टर में 100 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं।

डॉ. मदन गुलेरिया (Co-ordinator -BBA) के परिश्रम से सत्र के आरम्भ में चार दिवसीय ओरिएनटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें BBA के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्टस ने उन क्षेत्रों का व्यावहारिक ज्ञान दिया और साथ में जीवन के उत्थान के लिए विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। श्री अमित विशिष्ट जो कि एम.एन.सी. में 42 देशों के ग्लोबल एच.आर. मुखिया रह चुके हैं, ने विद्यार्थियों को आज के प्रतिस्पध ्र्रा के युग में सफल होने का मूल मन्त्र दिया। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए श्री विशाल कटोच जो कि मोटिवेशनल ट्रेनर हैं और दस हजार से ज्यादा विभिन्न पेशेवर लोगों को ट्रेन करने का अनुभव रखते हैं, ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं जीवन में सफल होने के टिप्स दिए। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 15 सितम्बर 2022 को श्री राकेश सुखिजा जो कि टाइम्स ऑफ इण्डिया, चण्डीगढ़ में मेनेजर के पद पर कार्यरत हैं, ने विद्यार्थियों को कॉरपोरेट वर्ल्ड में सफल होने के गुर बताये। 30 सितम्बर 2022 को सुश्री विनस, (एच.आर. मेनेजर, डीबग लेब प्राइवेट लिमिटेड, मोहाली) BBA के विद्यार्थियों से रूबरू हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को इन्टरव्यू की तैयारी और सफल होने के रहस्य बताये। 15 अक्तूबर 2022 को डॉ. एम.एस. चौहान ने BBA करने के बाद कैरियर ऑपशन्स के बारे में विद्यार्थियों को सविस्तार मार्गदर्शन किया।

BBA के विद्यार्थियों ने समय–समय पर होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बढ़–चढ़ कर भाग लिया, जिनमें से मुख्य रूप से Ad Mad Show, Meditation, Sports meet, Recycle and Reuse पर आधारित मॉडल मेकिंग, Collarge प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। BBA के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक अध्ययन के साथ Public speaking, Personality Development और Right attitude development पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाता है।

शैक्षणिक सत्र 2022–23 में बी.सी.ए. विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है।

20 जुलाई 2022 को "Poster Making Competition", 24 से 30 अगस्त 2022 को 1 सप्ताह की कार्यशाला जिसका विषय "Essentials of Computers", 1 अक्टूबर 2022 को "Reap Skills" न्यूज़पेपर डिजाइनिंग प्रतियोगिता, 24 फरवरी 2023 को एक दिवसीय सेमीनार "Objectives of Training and Placement", 2 से 6 मार्च 2023 को शैक्षणिक भ्रमण व औद्योगिक दौरा (दिल्ली नोएडा गुरुग्राम) का आयोजन किया गया। सभी गतिविधियों में छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम वार्षिक पारितोषिक सम्मान समारोह की सूची में शामिल किए गए।

## महाविद्यालय पुस्तकालय

महाविद्यालय में स्थापित पुस्तकालय में कुल पुस्तकों की संख्या 6814 है। 11 समाचार पत्र व 12 पत्रिकाएँ छात्रों के अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं।

## महाविद्यालय पत्रिका 'बागवां'

'बागवां' शीर्षक से महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन हर वर्ष किया जाता है जो कि विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त मंच है। हिन्दी, अंग्रेज़ी, पहाड़ी, संस्कृत, विज्ञान और योजना मंच इन छः अनुभागों से सजी यह पत्रिका साहित्य और ज्ञानवर्धक सामग्री को प्रकाशित करके विद्यार्थियों में लेखन शक्ति को बढ़ावा देती है। डॉ. सलिल सागर पत्रिका की मुख्य सम्पादक हैं। प्रत्येक अनुभाग के लिए एक प्राध्यापक सम्पादक व एक विद्यार्थी संपादक नियुक्त किए गए हैं।

प्राध्यापक और छात्र–सम्पादकों का विवरण इस प्रकार से है।

### मुख्य संपादक : डॉ. सलिल सागर

| अनुभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र सम्पादक | कक्षा |
|---|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | डॉ. एस.पी. भडवाल | विशाल | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| हिन्दी | प्रो. निधि शर्मा | प्रिया राणा | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| संस्कृत | प्रो. स्वर्णलता शर्मा | प्रियांशु | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| विज्ञान | प्रो. संजय शर्मा | कनिका समकारिया | बी.एस.सी तृतीय वर्ष |
| वाणिज्य | डॉ. मदन गुलेरिया | लक्षिता | बी.कॉम तृतीय वर्ष |
| पहाड़ी | डॉ. राजीव | दीक्षा कटोच | एम.कॉम तृतीय समैस्टर |
| योजना मंच | डॉ. राकेश पुष्प | राखी | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| सामाजिक मंच | प्रो. मिनोद गुलेरिया | शिल्पा | बी.ए. द्वितीय वर्ष |

## छात्रवृत्तियाँ

| क.सं | छात्रवृत्ति योजना का नाम | कुल छात्र (नए प्राप्तकर्ता) | कुल छात्र (नवीनीकरण प्राप्तकर्ता | कुल छात्र | वार्षिक प्रति कुल राशि | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृति योजना | 5 | 2 | 7 | 10000 | 70000 |
| 2. | केन्द्रीय प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति | 61 | 5 | 66 | 4020 | 265320 |
| 3. | केन्द्रीय प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति | 12 | 0 | 12 | 6360 | 76320 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | केन्द्रीय प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति | 3 | 1 | 4 | 6360 | 25440 |
| 5. | उतर मैट्रिक छात्रवृति – डॉ. अम्बेडकर (आर्थिक पिछड़ा वर्ग) | 3 | 0 | 3 | 4020 | 12060 |
| 6. | एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (हिमाचल प्रदेश) | 8 | 0 | 8 | 1200 | 9600 |
| 7. | कल्पना चावला छात्रवृति योजना (हिमाचल प्रदेश) | 1 | 4 | 5 | 15000 | 75000 |
| 8. | एकल बालिका स्नातकोतर इंदिरा गांधी छात्रवृति | 1 | 0 | 1 | 36200 | 36200 |
| | | | कुल | | | 569940 |

## इको क्लब

इको क्लब की समन्वयक प्रो. निपुणिका राणा और प्रो. निकेश शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा जुलाई 2022 में पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य अशोक चौधरी रहे। इस पावन बेला पर प्राचार्य महोदय ने अपने विचार रखे। उन्होंने अपने आसपास के वातावरण को साफ स्वच्छ और हरा–भरा रखने की महता पर प्रकाश डाला तथा महाविद्यालय को ऊँची बुलंदियों तक पहुँचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने को महत्व दिया। प्राध्यापक वर्ग व छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर वायु प्रदूषण और भूमण्डलीय ऊष्मीकरण के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत रहने का बीड़ा उठाया।

* 21.07.2022 को ABVP सदस्यों के साथ इको क्लब और NSS के स्वयंसेवकों द्वारा एक दिवसीय वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।
* 08.08.2022 को कॉलेज परिसर में इको क्लब और NSS स्वयंसेवकों के द्वारा "एक पेड़ मेरे कॉलेज के नाम" अभियान चलाया गया।
* 10.08.2022 को पर्यावरण अनुकूल सामग्री से राखी बनाने की प्रतियोगिता करवाई गई।
* 10.11.2022 को एक स्थानीय पौधे और उसके उत्पाद के पारम्परिक उपयोग पर नृवंशविज्ञान संबंधी अध्ययन करवाया गया।
* 19.11.2022 से 28.11.2022 तक महाविद्यालय परिसर के सभी गमलों में लगे पौधों के सौन्दर्यीकरण के लिए उनमें खाद डलवाई तथा नए पौधे भी लगवाए।

## इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब

मतदान, सम्बन्धी जागरुकता हेतू महाविद्यालय में 'इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब' का गठन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया गया जिसके अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार और सचिव पद के लिए .......... को चुना गया।

## लिंग संवेदीकरण

* राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में सत्र 2022–23 में निदेशक, उच्च शिक्षा के आदेशानुसार महाविद्यालय में 'जैंडर चैम्पियनस सूर्यांश और साधिका, छात्र बी.ए. तृतीय वर्ष, का चयन किया गया। जैंडर चैम्पियनस ने नोडल अधिकारी प्रो. सुनीता देवी के नेतृत्व में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया।
* दिनांक 08.10.2022 को लैंगिक समानता की जागरूकता के उपलक्ष्य पर सेमिनार का आयोजन किया गया।
* दिनांक 08.11.2022 को 'नुक्कड़ नाटक' का आयोजन किया गया जिसमें नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरुक करवाया गया।
* दिनांक 29.11.2022 को जैंडर चैम्पियंस ने महाविद्यालय परिसर में लैंगिक संवेदीकरण से सम्बन्धित विद्यार्थियों को जागरुक किया।
* दिनांक 14.11.2022 को जैंडर चैम्पियंस इकाई के सौजन्य से लैंगिक असमानता, शिक्षण संस्थानों में लिंग आधारित भेदभाव को कैसे समाप्त किया जाए इत्यादि के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

### मिनोद सिंह गुलेरिया (Asstt. Prof.) समाजशास्त्र

11.02.2023 से 14.02.2023 तक IIT बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय मास्टर खेलों में भाग लिया और (5km - 10km) दौड़ में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

स्थान :

5 km दौड़ – नौंवा (9th) स्थान (राष्ट्रीय स्तर)

10 km दौड़ – पांचवा (5th) स्थान (राष्ट्रीय स्तर)

### डॉ. मदन गुलेरिया

* राजकीय शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में वेतनभोगी वर्ग के लिए आय कर विषय पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षा विभाग के अधीक्षक को परामर्शदाता के रूप में दिनांक 07.05.2022 और 30.05.2022 को व्याख्यान दिया।
* राजकीय शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में दिनांक 18.07.2022 से 23.07.2022 तक एक सप्ताह सेवा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
* राजकीय शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में दिनांक 03.12.2022 को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "भारतीय अर्थव्यवस्था एवं सतत विकास" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

* IGNOU से MBA की डिग्री पूरी की।

## प्रो. सुनीता देवी

* दिनांक 12.05.2022 से 25.05.2022 तक UGC - Sponsored Online Refresher Course in English Language and Literature में हिस्सा लिया।
* दिनांक 08.08.2022 और 09.08.2022 को राष्ट्रीय सेमिनार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेमोरियल महाविद्यालय हमीरपुर में हिस्सा लिया।
* दिनांक 26.09.2022 से 01.10.2022 तक एक सप्ताह के Capacity Building कार्यक्रम में GCTE धर्मशाला में हिस्सा लिया।
* दिनांक 10.01.2023 से 16.01.2023 तक International Faculty Development Programme में भाग लिया।
* दिनांक 06.03.2023 से 08.03.2023 तक Research and Publication Workshop में हिस्सा लिया।

## प्रो. निपुणिका राणा

प्रो. निपुणिका राणा ने 23.12.2022 को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में पर्यटन, व्यवसाय प्रबंधन, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया, "हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन–एक सतत् पर्यटन विकास विकल्प" पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

## प्रो. स्वर्णलता शर्मा

प्रो. स्वर्णलता शर्मा के द्वारा इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से शार्ट टर्म प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम "इम्प्लीमेंटेशन ऑफ NEP2020 फोर यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स" 21 सितंबर 2022 से 29 सितंबर 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण किया गया।

टीचिंग लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज से "एकेडमिक रिसर्च राइटिंग" पर ऑनलाइन माध्यम से (संकाय विकास कार्यक्रम) फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 2 जनवरी से 8 जनवरी 2023 तक किया गया।

## डॉ. मनीष शर्मा (भौतिकी विभाग)

डॉ. मनीष शर्मा (भौतिकी विभाग) की दो पुस्तकें "Adders and Multipliers in Digital Signal Processing" (ISBN=9781458310507), "Radiation Safety" Subject Book (ISBN-9789391826048) तथा एक बुक चैप्टर का प्रकाशन "Recent Progress in Chemical Science Research Volume 6", (ISBN-9788119054039) में हुआ। इसके अलावा 2 शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं Pramana Research Journal Vol 13, Issue 1 2023 तथा IJMRSETM Vol 10 Issue 1 2023 में प्रकाशित हुआ।

## प्रो. विद्या मणि

प्रो. विद्या मणि, संगीत वाद्य यंत्र विभाग ने 20 जून से 19 जुलाई 2022 के मध्य रामानुजन कॉलेज दिल्ली से उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया।

**प्रो. सपना बख्शी**

प्रो. सपना बख्शी, अंग्रेज़ी विभाग ने 22 और 23 अप्रैल 2022 को ऊना कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थिति दर्ज करवाई। प्रो. सपना बख्शी ने 20 फरवरी से 25 फरवरी के मध्य गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, धर्मशाला से प्रेरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**डॉ. नीरज गांधी**

* डॉ. नीरज गांधी, संगीत स्वर विभाग को लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग कला विभाग ने एक दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में 22 अप्रैल 2022 को आमंत्रित किया।
* डॉ. नीरज गांधी ने नगरोटा बगवाँ कॉलेज में BCA विभाग की ओर से आयोजित एक सप्ताह की कार्यशाला में भाग लिया।
* डॉ. नीरज गांधी को A.I.U. ने अंतर विश्वविद्यालयी युवा महोत्सव में निर्णायक मंडल के लिए आमंत्रित किया जो कि कृति विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में 22 दिसम्बर से 27 दिसम्बर 2022 के मध्य आयोजित हुई।
* डॉ. नीरज गांधी को त्रिवेणी संगीत खोज पत्रिका की समीक्षा करने के लिए समीक्षा विशेषज्ञ पैनल के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया, जिसका आई.एस.एस.एन. नम्बर 2700–2926 है।

**डॉ. रीता देवी**

– डॉ. रीता देवी ने 8 जुलाई 2022 में VIT विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

– डॉ. रीता देवी ने 2023 में चीन के भौतिकी शोध पत्र में एक शोध पत्र प्रकाशित किया जिसका शीर्षक “Stability analysis in a couple stress fluid layer with variable viscosity heated from below.”

– डॉ. रीता देवी ने 10.01.23 से 23.01.2023 के मध्य लखनऊ विश्वविद्यालय से पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

– डॉ. रीता देवी ने 2022 में एक बुक चैप्टर लिखा जिसका शीर्षक “Stability analysis for thermohaline convection in a couple stress fluid” है।

## ध्यान एवं योगा केन्द्र

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में सत्र 2022–23 में ध्यान–योग केन्द्र की संयोजिका प्रो. सुनीता देवी की देखरेख में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

* दिनांक 22.09.2022 को एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को ध्यान के विभिन्न लाभों के बारे में बताया गया।
* दिनांक 08.10.2022 को भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।
* दिनांक 21.10.2022 को ध्यान–योग केन्द्र ने दिवाली महोत्सव के उपलक्ष्य पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें विभिन्न रंगों और फलों के इस्तेमाल से रंगोली बनाई गई।
* दिनांक 27.10.2022 को संस्कृत श्लोक लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।
* दिनांक 17.11.2022 को ध्यान योग केन्द्र ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न योग गतिविधियां करवाई

जिसमें सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम–विलोम करवाई गई।

* दिनांक 03.12.2022 को ध्यान–योग केन्द्र ने 'गीता जयंती' का उत्सव मनाया जिसमें विद्यार्थियों को 'गीता' का महत्व बताया गया।
* दिनांक 20.12.2022 को ध्यान–योग केन्द्र की तरफ से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को भारतीय धर्मग्रन्थों के महत्व के बारे में बताया गया।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। डॉ. नीरज गांधी प्रवक्ता संगीत विभाग के सहयोग से महाविद्यालय में हुई गतिविधियों का ब्योरा इस प्रकार है –

* दिनांक 19.09.2022 से 21.09.2022 तक Youth Festival Group-I में महाविद्यालय के विद्यार्थियों सूर्यांश, बी.ए. तृतीय ने वाद–विवाद, तनु राणा, बी.ए. तृतीय ने वाद–विवाद, कार्तिक इंदोरिया, बी.ए. द्वितीय ने भाषण प्रतियोगिता और रक्षित नागपाल, एम.काम द्वितीय सत्र ने कोलॉज मेकिंग और क्ले मॉडलिंग में राजकीय महाविद्यालय
* दिनांक 18.10.2022 से 20.10.2022 तक Youth Festival Group-II का आयोजन Dr. Y.S. Parmar Govt. P.G. College, Nahan, Sirmour में किया गया जिसमें महाविद्यालय के शिवम, रितु भाटिया और रजत में गजल, लोक गायन और पाश्चात्य एकल गायन में हिस्सा लिया।
* दिनांक 21.11.2022 को संगीत विभाग के सौजन्य से 'संगीत महोत्सव' का आयोजन किया गया।
* दिनांक 25.11.2022 को 'कविता–उच्चारण' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## संस्कृत विभाग की गतिविधियाँ

शैक्षणिक सत्र 2022–23 में संस्कृत विभाग ने निम्नलिखित गतिविधियाँ करवाई जिनका विवरण निम्न प्रकार से है :–

1. सह शैक्षिक गतिविधि के अन्तर्गत महाविद्यालय में 8 अगस्त से 14 अगस्त तक चलने वाले संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत संस्कृत दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी जी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। उसके पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा अलग–अलग विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जैसे अमृतं संस्कृतम्, वैदिक साहित्य का परिचय, आदर्श विद्यार्थी जीवन में संस्कृत का योगदान आदि। उसके पश्चात् संस्कृत दिवस पर विशेष क्रियाकलाप के अन्तर्गत संस्कृत सूक्ति संग्रह निर्माण व चार्ट निर्माण क्रिया–कलाप को संपादित किया गया।

   संस्कृत सप्ताह के द्वितीय दिवस पर मंगलाचरण मंत्रोचारण, संस्कृत गीतिका गायन तथा श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अगले कार्यक्रम में संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उसके पश्चात संस्कृत श्लोक चार्ट निर्माण क्रियाकलाप को संपादित किया गया।
2. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महापर्व के उपलक्ष पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
3. बाल दिवस के उपलक्ष पर निबंध लेखन तथा कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

4. 3 दिसंबर 2022 मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती के उपलक्ष पर महाविद्यालय नगरोटा बगवां में संस्कृत विभाग द्वारा निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गीता जयंती पर विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना तथा गीता के श्लोकों का वाचन किया गया।

उसके उपरांत गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। तदोपरांत गीता श्लोक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## भूगोल विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ

1. भूगोल विभाग में आपदा के दिन विभिन्न प्राकृतिक तथा मानव–जनित आपदाओं से सम्बन्धित पोस्टर निर्माण करवाया गया।
2. भूगोल विभाग के तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों से भारत का मानचित्र बनवाया गया।
3. भूगोल विभाग के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों से ठारू गाँव का सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण 27 दिसम्बर 2022 को करवाया गया तथा उसके ऊपर एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाई गई।
4. भूगोल विभाग के विद्यार्थियों का दो दिवसीय Educational Tour 19 तथा 20 अक्टूबर 2022 को Conduct करवाया गया तथा दो दिनों में अटारी बार्डर, अमृतसर, गोल्डन मन्दिर, जलियांवाला बाग आदि दिखाए गए तथा इसके ऊपर एक रिपोर्ट तैयार की गई।

## भविष्योन्मुखी योजनाएँ

1. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए भविष्य में एक नई इमारत को बनाया जाएगा।
2. महाविद्यालय में एक सभागार बनाया जाएगा।
3. जल्द ही महाविद्यालय में NCC की बटालियन का गठन किया जाएगा।

अंत में, मैं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, गैर–शिक्षक कर्मचारियों, छात्रों, अभिभावकों, समस्त प्रशासन, विभिन्न विभागों, पत्रकार बंधुओं, सभी सामाजिक संगठनों और उन सभी विशिष्ट व्यक्तियों को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने समय–2 पर अपना सहयोग दिया।

मैं सभी विद्यार्थियों, CSCA और समस्त स्टॉफ की तरफ से मुख्य अतिथि का विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से अपना बहुमूल्य समय निकाला और सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया व उत्साहित किया। आप के सहयोग, सक्रियता व मार्गदर्शन से महाविद्यालय ने अनेकों उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं व ऊँचाई की बुलन्दियों को छुआ है।

मैं सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ और उनके समृद्ध भविष्य की कामना करता हूँ।